हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, जून 19, 2024

11 ओमेक्स में लगा चौथा वाटर कूलर



12 पेयजल किल्लत से जूझ रहे सिवाना ...



## खबर संक्षेप

### प्लॉट विवाद में परिवार को पीटा

**बहादुरगढ़।** गांव बामड़ोली में एक परिवार पर हमला कर दिया गया। हमले में महिला समेत तीन लोगों को चोट आई है। लाइनपार थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामला प्लॉट विवाद से जुड़ा हुआ है। बामड़ोली के निवासी जोगेंद्र का कहना है कि गत 15 जून को वह अपने घर पर था। तभी भतीजे का फोन आया कि चाचा अपने प्लॉट की नींव उखाड़ दी गई है। फिर वह अपनी भाभी और भतीजे के साथ प्लॉट पर गया। वहां दो व्यक्ति पहले से मौजूद थे। हमने विरोध किया तो उन्होंने हम पर हमला कर दिया।

### शिविर में 77 चालकों का स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** सहायक पुलिस आयुक्त अखिल कुमार की देखरेख में झज्जर पुलिस द्वारा आईडीटीआर सेंटर बहादुरगढ़ में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल बस, ऑटो आदि वाहन चलाने वाले लगभग 77 ड्राइवरों के स्वास्थ्य की जांच की गई। नागरिक अस्पताल से डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. दीपक छिकारा, डॉ. विनीता आदि ने सेवाएं दीं। कुलदीप, अक्षय कुमार आईटीआर सेंटर की टीम इस अवसर पर मौजूद रही। चिकित्सकों ने चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चिकित्सकों ने कहा कि अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

### लावारिस हालत में मिला शव

**बहादुरगढ़।** बुधवार की सुबह सराय रोड स्थित एक ठेके के निकट व्यक्ति का शव मिला। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। किसी बीमारी या गर्मी से मौत होने की आशंका है। हालांकि असल कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। पुलिस पहचान के प्रयास में जुटी है।

# गर्मी ने निकाला दम, रात को भी चल रही गर्म हवाएं

## जन-जीवन प्रभावित, बाजार के कामकाज पर भी पड़ रहा विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गर्मी का कहर निरंतर जारी है। दिन हो या रात चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों का जीना मुहाल हो रखा है। स्थिति यह है कि आमजन को न दिन को चैन मिल रहा है और न ही रात को सुकून। चिलचिलाती धूप के कारण जहां जन-जीवन पूर्णतया प्रभावित है और लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी परेशानी हो रही है। वहीं बाजार के कामकाज पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। दोपहर बारह बजे से सांय पांच बजे तक बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। जिसके कारण दुकानदारों की ग्राहकी न के बराबर ही हो रही है। मंगलवार को भी गर्मी ने खूब रंग दिखाया। अधिकतम तापमान जहां 45 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं न्यूनतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेकिन रीयल फील इससे ज्यादा ही रहा। विशेषज्ञ आगामी दो-तीन दिनों में प्री मानसून की बरसात होने का अनुमान लगा रहे है। जिससे आमजन को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

■ राज्य परिवहन की बसों में ठंडे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश



झज्जर। गर्मी से बचने के लिए सिर पर कपड़ा ढांप कर जाते हुए युवा।

दिनों दिन बढ़ते जा रहे तापमान को देखते हुए निदेशालय राज्य परिवहन हरियाणा ने बस यात्रियों की सुविधा के लिए बस में पानी की व्यवस्था करने के निर्देश डिपो महाप्रबंधकों को दिए हैं। चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित निदेशालय कार्यालय से भेजे गए पत्र में लिखा है कि जैसा कि आपको विदित है कि वर्तमान में लगातार बढ़ते तापमान के कारण गर्मी का स्तर बढ़ता जा रहा है। जिस कारण बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों को भी परेशानी हो रही है तथा गर्मी के कारण लगातार पानी की आवश्यकता भी पड़ती है।

कई बार ऐसे स्थान भी होते हैं जहां पानी की व्यवस्था नहीं होती। इसलिए बढ़ती हुई गर्मी के मध्य नजर राज्य परिवहन हरियाणा की सभी बसों में ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए ताकि यात्रियों को पानी के अभाव में परेशानी का सामना न करना पडे। इसलिए तुरंत प्रभाव से बसों में ठंडे पानी की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

## अघोषित कटों ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गर्मी बढ़ने के साथ-साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का लोड भी बढ़ने लगा है। बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि ऐसे में उनके पास प्रतिमाह करीब पचास से साठ कनेक्शनों पर लोड बढ़वाने के आवेदन आ रहे हैं। विभाग द्वारा भी बढ़े हुए लोड को ध्यान में रखते हुए बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए अतिरिक्त नए ट्रांसफार्मर भी लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को 24 घंटों बिजली मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। इन दिनों में जब गर्मी चरम पर है तो बिजली की खपत भी बढ़ रही है। लोगों को चाहिए जितनी आवश्यकता हो उतनी ही बिजली इस्तेमाल करें। उनकी तरफ से किसी तरह का कोई कट नहीं लगाया जा रहा। हालांकि फाल्ट को दुरुस्त करने के लिए संबंधित जगहों पर बिजली थोड़ी देर के लिए बाधित रहती है।

■ बढ़ती गर्मी के साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रहा बिजली का लोड



झज्जर। बाबा बालकनाथ मंदिर के नजदीक नया ट्रांसफार्मर स्थापित करते हुए बिजली कर्मचारियों का फाइल फोटो।

जिन लोगों को आजकल अधिक लोड की आवश्यकता पड़ रही है वे अपने कनेक्शन में लोड बढ़वाने के आवेदन करें ताकि संबंधित क्षेत्र में उन्हें भी लोड का अनुमान रहे। उन्होंने बताया कि देखने में आया है कि अक्सर उपभोक्ता अधिक चार्ज से बचने के लिए कम लोड का बिजली कनेक्शन लेते हैं। जबकि उस कनेक्शन पर वे अधिकृत लोड से अधिक बिजली की खपत करते हैं। बिजली निगम ऐसे मामलों में भी बिजली चोरी का केस बनाता है। क्योंकि कम लोड दिखाकर अधिक बिजली का प्रयोग करना भी चोरी के एक्ट में शामिल है। बिजली निगम स्वीकृत लोड के अनुसार ही क्षेत्र में सप्लाई का प्लान तैयार करता है। निर्धारित लोड से अधिक क्षमता में बिजली का इस्तेमाल करने से क्षेत्र में जहां ओवर लोडिंग की समस्या बन जाती है वहीं इससे फाल्ट व ब्रेकडाउन की शिकायतें भी बढ़ जाती है।

# आज हो सकता है अधूरे नाले का काम शुरू


## करीब डेढ़ महीने से रुके नाला निर्माण की ड्राइंग को हशविप्रा ने दी सशर्त मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नाला निर्माण को लेकर संघर्ष कर रहे सैनीपुरा और दयानंद नगर के लोगों के प्रयास रंग लाए हैं। नाले का काम पूरा करने के लिए हरियाणा शहर विकास प्राधिकरण ने नगर परिषद को हरी झंडी दे दी है। अब बुधवार से काम शुरू होने की उम्मीद है। बरसाती सीजन से पहले नाले का निर्माण पूरा होता है तो लोगों को जलभराव से कहीं हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

■ लोगों को जलभराव से कहीं हद तक राहत मिलने की उम्मीद

दरअसल, सैनीपुरा में जलभराव की समस्या काफी पुरानी है। यहां पुराना नाला ब्लॉक था। जिस कारण यह समस्या उत्पन्न हुई।



**बहादुरगढ़।** ड्राइंग दिखाते अधिकारी, पार्षद प्रतिनिधि योगेश, रवींद्र सैनी व अन्य।

बरसात होने पर यहां हालात गंभीर हो जाते हैं। न केवल सैनीपुरा बल्कि दयानंद नगर सहित आसपास लगते क्षेत्र के लोग भी इससे प्रभावित हो जाते हैं। लंबे समय से यहां समस्या के स्थाई समाधान की मांग की जा रही थी। कुछ महीने पहले नगर परिषद ने यहां नाले का निर्माण शुरू कराया। नाले का कुछ हिस्सा बना ही था कि हशविप्रा की ओर से काम रुकवा दिया गया। नगर परिषद व हशविप्रा में तालमेल के अभाव के कारण यह दिक्कत उत्पन्न हुई और डेढ़ महीने से अधिक समय तक काम लटका रहा। नाला निर्माण पूरा कराने की मांग को लेकर लोगों ने धरना भी दिया। गत 11 जून को लोग एसडीएम परमजीत सिंह चहल से भी मिले थे। उन्होंने उचित आश्वासन दिया था।

### एसडीएम के हस्तक्षेप से काम शुरू होने का रास्ता खुला

मंगलवार को वह मौके पर पहुंचे और हालातों का जायजा लिया। इसके बाद अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। पार्षद प्रतिनिधि योगेश, एडवोकेट रवींद्र सैनी ने बताया कि एसडीएम परमजीत सिंह के हस्तक्षेप के बाद काम शुरू होने का रास्ता खुला है। हशविप्रा अधिकारियों ने नगर परिषद को एनओसी दे दी है। हशविप्रा के रोड के साथ-साथ नाला बनेगा। ठेकेदार का कहना है कि दस दिन में वह काम पूरा करवा देगा। इसके बाद निकासी के लिए खुदाई करके निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी, ताकी बरसात में जलभराव न हो। फिर उसके बाद दूसरा टेंडर लगने के बाद आगे का काम पूरा हो जाएगा। यदि बरसात से पहले ये बंदोबस्त पूरे होते हैं तो लोगों को काफी राहत मिलेगी, अन्यथा हर साल परेशानी झेलनी पड़ती है।

# मलिकपुर गांव में बिना मंजूरी के चल रही थी फैक्ट्री, सीएम फ्लाइंग टीम ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बेरी क्षेत्र के गांव मलिकपुर में एक हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री पर मंगलवार को सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा छापामार कार्रवाई अमल में लाई गई। इस औचक निरीक्षण के दौरान संबंधित फैक्ट्री में जहां कनेक्शन से अधिक लोड पाया गया वहीं अन्य अनियमितताएं भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रोहतक के उप निरीक्षक रामनिवास, उप निरीक्षक सहदेव, प्रदूषण विभाग के एसडीओ अमित कुमार व बिजली निगम से मातनहेल कार्यालय केजेई आशीष कुमार व गुप्तचर विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जब संबंधित फैक्ट्री में पहुंचे और वहां मौजूद व्यक्ति से फैक्ट्री की मंजूरी के संबंध में दस्तावेजों की जानकारी ली तो वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इसके बाद मौके पर मौजूद पुरुषोत्तम के साथ फैक्ट्री में लगी मोटरों के लोड की जांच की तो वहां 159.7 किलोवाट का लोड पाया गया जबकि कनेक्शन में 80 किलोवाट की मंजूरी ली गई थी। इस मामले में जहां बिजली निगम से जेई आशीष कुमार द्वारा उन पर जुर्माना लगाने के संबंध में दस्तावेज किए गए वहीं प्रदूषण विभाग के एसडीओ अमित कुमार द्वारा विभाग से एनओसी न लेने के संबंध नोटिस थमाया गया। उन्होंने बताया कि नोटिस का जवाब आने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

■ 80 किलोवाट के कनेक्शन पर चलाया जा रहा था 159 किलोवाट का लोड

■ प्रदूषण विभाग अधिकारी ने थमाया एनओसी न लेने के संबंध में नोटिस



झज्जर। हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में छापेमार कार्रवाई के दौरान उपस्थित सीएम फ्लाईंग की टीम।

# श्रीलंका में सम्मानित हुए बीके सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ब्रह्माकुमारी के सदस्य बीके डॉ. सुरेंद्र गोयल को श्रीलंका में 'ग्लोबल आइकॉन' और सस्टेनेबल हीरो अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें श्रीलंका यूनाइटेड नेशन फ्रेंडशिप ऑर्गनाइजेशन ने यह सम्मान दिया है। डॉ सुरेंद्र ने सभी को संस्था की गतिविधियों से अवगत करवाया। श्रीलंका के भंडारनाईके मैमोरियल इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस हाल में इंडो श्रीलंका इकोनॉमिक समिट का आयोजन किया गया। इसमें कोलंबो के लोकसभा सदस्य डॉ प्रेमनाथ सी डोलावत्ते और श्रीलंका के सार्क कल्चरल सेंटर के उपनिदेशक डॉ बीना गांधी ने बिजनेस विंग के दिल्ली जोनल कॉर्डिनेटर बीके डॉ. सुरेंद्र गोयल को ग्लोबल आयकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



बहादुरगढ़। श्रीलंका में सम्मान प्राप्त करते बीके डॉ. सुरेंद्र गोयल।

# शेयर मार्केट में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने के चक्कर में गंवाए ग्यारह लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शेयर मार्केट में पैसा लगाकर ऑनलाइन मुनाफा कमाने के झांसे में आकर सेवानिवृत्त सैनिक द्वारा करीब ग्यारह लाख रुपये गंवाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में स्थानीय जयहिंद कालोनी निवासी राजेश कुमार ने बताया कि कि वह आर्मी से रिटायर्ड है। उसके मोबाइल पर बीते वर्ष सात दिसंबर को एक अंजान से नंबर से लिंक आया जो शेयर मार्किट में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने का ऑफर दे रहे थे। जब उसने उनसे संपर्क किया तो उसे एक दूसरे ग्रुप से जोड़ा गया तथा एक एप डाउनलोड भी कराई गई। फिर उसे उस एप पर रजिस्टर्ड किया गया। राजेश कुमार के अनुसार उसने देखा कि ग्रुप से जुड़े. कई लोगों द्वारा मुनाफा कमाने के स्क्रीन शॉट डाले जा रहे थे। इसके बाद उसने भी 18 दिसंबर 2023 को अपने बैंक अकाउंट से 4 लाख 75 हजार रुपये डाले। इसके बाद उसने 22 दिसंबर 2023 को एक बार 1 लाख 65 हजार रुपये तथा दूसरी बार साढे. चार लाख रुपये डाले। उसके बाद जब उसने 26 दिसंबर 2023 को साइबर ठगों द्वारा बताई गई एप के माध्यम से अपने एक लाख रुपये निकालने चाहे तो उसका अकाउंट फ्रीज हो गया। जिसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। ऐसे में उसे कुल दस लाख नब्बे हजार रुपये की चपत लगी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

## पांच वारदातों का किया खुलासा



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस की एक टीम द्वारा मोटरसाईकिल चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी बलदेव ने बताया कि राकेश निवासी गांव सुडाना की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रमन निवासी दूबलधन जिला झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से चोरी की हुई दो मोटरसाईकिल बरामद की गई है, जबकि पांच अन्य वारदातों का खुलासा किया है। रिमांड अवधि समाप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाई करते हुए आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

■ आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

### इन वारदातों का किया खुलासा

: नवंबर 2022 में कोर्ट परिसर झज्जर से मोटरसाईकिल चोरी की थी। : अक्टूबर 2022 में हिसार रोड रोहतक से गाड़ी चोरी की थी। : अक्टूबर 2023 में कोर्ट परिसर झज्जर से मोटरसाईकिल चोरी की थी। : अप्रैल 2023 में बसई चौक गुरूग्राम से एक मोटरसाईकिल चोरी की थी। : फरवरी 2024 में फरूखनगर गुरूग्राम से पिस्तौल के बल पर गाड़ी छीनी थी।

## विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं को एडजस्ट करने और कार्यकर्ताओं में जोश भरने की जुगत में सत्ताधारी दल

# भाजपा की राह मुश्किल बना रही टिकटार्थियों की फौज

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

लोकसभा चुनावों के बाद अब सभी की नजर हरियाणा विधानसभा पर टिक गई है। भाजपा ने लोकसभा की पांच सीटें हारने के बाद सबक लेते हुए अभी से तैयारी शुरू कर दी हैं। हाल ही में संपन्न चुनाव में भाजपा बूथ पर भी बेहद कमजोर दिखी। सरकारी उपेक्षा से नाराज कार्यकर्ताओं में अपेक्षित उत्साह नहीं था। दिल्ली से लेकर चंडीगढ़ तक भाजपा नेतृत्व बैठकें करके आगे की रणनीति बनाने में जुटा है। नेताओं को एडजस्ट करने से लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने की जुगत लगाई जा रही है। हालांकि झज्जर जिले में भाजपा की राह उतनी आसान नहीं दिख रही है।

■ दिल्ली से लेकर चंडीगढ़ तक भाजपा नेतृत्व बैठकें करके आगे की रणनीति बनाने में जुटा



**बहादुरगढ़।** लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करते भाजपाइयों की फाइल फोटो।

बता दें कि भाजपा बीते 10 सालों से हरियाणा में सत्ता पर विराजमान है। यही कारण है कि यहां टिकट के दावेदारों की लंबी कतार लगी है। दूसरी तरफ कांग्रेस में तीन विधायक तो राजनीतिक स्तंभ बन चुके हैं। बेरी से विधायक रघुवीर सिंह कादियान 6 बार, झज्जर से विधायक गीता भुक्कल 4 बार और बहादुरगढ़ से राजेंद्र जून 3 बार विधायक बन चुके हैं। ऐसे में उनके समक्ष टिकट मांगने वालों की संख्या गिनती की है। जबकि भाजपा में इन तीनों सीटों पर टिकट के दावेदारों की भरमार है। हालांकि यह स्थिति भाजपा नेतृत्व के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है।

### राजनीतिक दलों ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी

विधानसभा चुनाव में भले ही अभी तीन महीनों का समय बाकी है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जहां पार्टियां चुनाव के लिए रणनीति बनाने में जुटी हैं। वहीं क्षेत्र के नेताओं में टिकटों के लिए जोर आजमाइश का सिलसिला शुरू हो गया है। भाजपा में सबसे ज्यादा टिकटार्थी बहादुरगढ़ और सबसे कम बादली में हैं। वर्ष-2014 में भाजपा को इन्हीं दो सीटों पर जीत हासिल हुई थी। अंदरूनी तौर पर आरोप-प्रत्यारोप की हवा भी तेज हो चली है। चूंकि गुटबाजी भी सबसे अधिक बहादुरगढ़ में है, तो चुनाव में हार के बाद सबसे अधिक शिकायतें भी यहां से आई थी।

जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में जहां गुटबाजी के कारण भाजपा की राह आसान नहीं दिख रही है। भीतरघात करने वाले नेताओं ने लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी भूमिका निभाई। जिसके बाद से भाजपा में सब ठीक नही चल रहा है। चर्चा ये भी है कि जो भी टिकटार्थी थे, वे सिर्फ पार्टी प्रत्याशी और बड़े नेताओं के साथ दिखाई दे रहे थे। उनके रिहायशी बूथों और प्रभाव वाले इलाके में भी भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा था। आगामी विधानसभा चुनाव में भी एक ही प्रत्याशी को टिकट मिलेगी, तो ऐसे में अन्य टिकटार्थी भीतरघात कर पार्टी के समीकरण बिगाड़ने में मुख्य भूमिका अदा कर सकते हैं।

### भाजपा का संगठन लोस चुनाव में पूरी तरह बेअसर नजर आया

त्रिदेव, शक्ति केंद्र और पन्ना प्रमुख तक बनाकर कागजों में सबसे मजबूत नजर आ रहा भाजपा का संगठन लोकसभा चुनाव में पूरी तरह बेअसर नजर आया। भाजपा नेतृत्व ने लोकसभा चुनावों से पहले जिलाध्यक्ष भी बदला। मंडल अध्यक्षों समेत अन्य प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी भी बनाई थी। इंटरनेट और धरातल पर आक्रामक प्रचार भी पार्टी के लिए आत्मघाती सिद्ध हुआ। भाजपा के कागजी नेता मुद्दों को लेकर गंभीर नजर नहीं आए। उन्होंने विपक्षी नेताओं के साथ ही आम जनता को भी हड़काने से गुरेज नहीं किया। लोकसभा चुनाव के बाद भी भाजपाइयों के इस रवैये में बदलाव होता नजर नहीं आ रहा।

हरिभूमि सहेली

कवर स्टोरी / डॉ. मोनिका शर्मा

इन दिनों हम भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इसका असर तन पर ही नहीं मन पर भी पड़ता है। ऐसे में जहां तमाम तरह की शारीरिक समस्याएं पैदा होती हैं, वहीं बहुत सी मानसिक समस्याएं भी जन्म लेती हैं। लोग अकेलेपन का शिकार होकर अवसाद की ओर बढ़ते हैं। इस गरम-शुष्क मौसम में कुछ सामान्य बातें अमल में लाकर आसानी से स्वस्थ-प्रसन्न रह सकते हैं।



# बढ़ती तपिश जूझते मन को संभालिए

इन दिनों देश के कई हिस्सों में तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी बढ़ा रखी है। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां हर आयुवर्ग के लोगों को घेर रही हैं। हम जानते हैं कि अत्यधिक तपिश का मौसम तन ही नहीं, मन से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं भी साथ लाता है। बढ़ती तपिश तनाव का अहम कारण बनती है। शरीर डिहाइड्रेशन और मन थकान की शुष्कता से जूझता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि तेज तापमान के साइड-इफेक्ट्स की सूची में मन की मायूसी भी शामिल है। गर्मियों में लोग अवसाद और अकेलेपन के भी शिकार हो जाते हैं, जिसे 'समरटाइम ब्लूज' कहा जाता है। लंबे दिन, बढ़ती गर्मी और उमस के चलते भूख न लगना, अनिद्रा और बेचैनी जैसी समस्याएं भी घेर लेती हैं। बच्चे हों या बड़े, समर फटीग या गर्मियों में होने वाली शारीरिक थकान का शिकार हो सकते हैं।




### मन से जुड़ा मौसम

हमारा पर्यावरण हमारे मन के स्वास्थ्य से भी गहराई से जुड़ा होता है। यही वजह है कि जलवायु परिवर्तन को संभावित रूप से सदी का सबसे बड़ा वैश्विक स्वास्थ्य खतरा तक माना जा रहा है। परिवेश में बढ़ती तपिश से आक्रामकता और हिंसक आत्महत्याओं की दर में वृद्धि होने की संभावना होती है। इतना ही नहीं जलवायु परिवर्तन की चरम मौसमी स्थितियां, रोजगार छूटने का भी कारण बनती हैं। बहुत से लोगों के लिए स्थानांतरित होने के हालात बन जाते हैं, जिसके कारण सामाजिक एकजुटता और सामुदायिक जुड़ाव के भाव पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। ऐसी सभी बातें इंसानी मन के स्वास्थ्य पर बहुत नकारात्मक असर डालती हैं। चरम मौसमी स्थितियां, मन में भविष्य से जुड़े भय और चिंताओं को भी बढ़ावा देती हैं। लैंसेट जर्नल में प्रकाशित मेटा-एनालिसिस के हालिया शोध में सामने आया है कि परिवेश का बाहरी तापमान मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है, जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में चिंताजनक है। इस विश्लेषण के मुताबिक बाहरी तेज तापमान और हीट वेव, आत्महत्या की घटनाओं को भी बढ़ावा देता है।

### मदद का भाव रखिए

तपते मौसम में हर इंसान का मन परेशान रहता है। ऐसे में घर, बाहर सड़क या दफ्तर, हर जगह थोड़ा सहज और सामंजस्य भरा बर्ताव रखिए। चाहे ट्रैफिक लाइट पर खड़े हों या दफ्तर में काम के दबाव से जूझने के हालातों में फंसे हों। स्वयं अपने और अपने आस-पास के लोगों के मन को पीड़ा देने वाला कोई काम ना करें। बात-बात में उग्र होने के बजाय, यह समझने की कोशिश कीजिए कि अगला इंसान भी गर्मी, पसीने और उमस की उसी तकलीफ को झेल रहा है। ऐसे में हर बात में जल्दबाजी करने के बजाय, इन दिनों थोड़े ठहराव से काम लीजिए। हमारी परंपरागत जीवनशैली में चरम मौसमी हालातों में इंसानों ही नहीं हर जीव के लिए दयालु भाव रखने की नसीहत शामिल है। पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने से लेकर प्याऊ लगवाने तक, कुछ ना कुछ सकारात्मक करने का प्रयास कीजिए। दूसरे प्राणियों का जीवन सहज करने के प्रयास खुद के मन को सुकून देने वाले साबित होते हैं। तपिश के मौसम में किए गए ऐसे मानवीय प्रयास आपके मन को भी टफ वेदर कंडीशंस को सहजता से झेलने की शक्ति देने वाले साबित होंगे।



### इमोशनल वेलनेस के प्रयास जरूरी

**विचारणीय है** कि बढ़ते पारे के मौसम में इमोशनल वेलनेस के लिए भी कुछ प्रयास आवश्यक हैं। मन को तीव्र गर्मी के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए दिनचर्या में सार्थक बदलाव मददगार साबित होते हैं। मन के मौसम को बेहतर रखने के लिए सुबह जल्दी उठकर योग-मेडिटेशन और हरियाली वाली खुली जगह पर सैर करना अच्छा होता है। ठंडी हवा में सुबह-सुबह किए गए व्यायाम और सैर, तनाव को दूर कर दिलो-दिमाग को ऊर्जावान बनाने में सबसे ज्यादा मददगार होते हैं। ताजा हवाएं, मन को सहज-शांति की अनुभूति करवाती हैं। सुबह की इस सक्रिय शुरुआत से तपिश के बावजूद दिनभर मन स्फूर्ति से लबरेज रहता है। खान-पान से लेकर रहन-सहन तक, गर्मी से बचाव के लिए परंपरागत तरीकों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। भारतीय जीवनशैली में तो हर मौसम से जूझने के तौर-तरीके मौजूद हैं। कुछ बातों का ध्यान रखते हुए इस गरम-शुष्क मौसम को भी शारीरिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय और मानसिक मोर्चे पर स्फूर्ति और सुकून संग बिताया जा सकता है।



एटिकेट / शिखर चंद जैन

हम जब कभी भी अपनी पर्सनल या प्रोफेशनल लाइफ में किसी जरूरी डिस्कशन के लिए बैठें तो इसका विशेष ध्यान रखें, डिस्कशन सही ढंग से हो, ना कि बहस या विवाद होने लगे। इससे बचने के लिए पार्टिसिपेंट्स एक-दूसरे की राय को सम्मान दें, स्वयं भी अपनी राय विनम्रता से रखें।

# विवाद में ना बदलने दें अपना जरूरी डिस्कशन

सारंगी का लटका हुआ मुंह देखकर मीनाक्षी ने पूछ लिया, 'क्या हुआ किसी ने कुछ कह दिया क्या?' सारंगी मानो इसी बात का इंतजार कर रही थी, तुरंत बोली, 'तू ही बता क्या मैं तुझे झगड़ालू लगती हूं? आज हमें लैंडलॉर्ड के साथ डिस्प्यूट को निपटाने के लिए एक बैठक करनी थी। लेकिन पता है, मम्मी ने क्या कहा? उन्होंने कहा, सारंगी को मत लेकर जाना। मोनिका को साथ ले जाओ। सारंगी अपने शॉर्ट टेंपर्ड नेचर के कारण बात बिगाड़ देगी, मोनिका बिगड़ी बात को संभाल लेगी।'

मीनाक्षी समझ गई थी कि सारंगी को जटिल परिस्थितियों या किसी सीरियस डिस्कशन के दौरान सहज तरीके से बातचीत करने की आदत नहीं है। इसीलिए उसकी मम्मी ने ऐसा कहा होगा। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में हमें अक्सर बहुत से लोगों के साथ बैठकर बात करनी होती है। ऐसे में कई बार तल्ख माहौल भी बन जाता है। लेकिन समझदारी से काम लेकर किसी भी डिस्कशन को बहस और विवाद बनने से रोका जा सकता है ताकि मीटिंग सद्भावना से संपन्न हो। इसके रिजल्ट पॉजिटिव हों।

**खुद को ना मानें सुपीरियर:** किसी भी मीटिंग को ओवरटेक या डोमिनेट करने की कभी कोशिश ना करें, ना ही स्वयं को औरों से अलग और ऊपर समझें। किसी भी डिस्कशन में सभी लोग बराबर के भागीदार होते हैं। डिस्कशन के मूल लक्ष्य को केंद्रित करके हर कोई अपने विचार रख सकता है। अगर आपके मन में मीटिंग के एजेंडा से परे कोई विचार है तो उसे बाद में बोलें। आपके पास कुछ कहने को ना हो तो दूसरों को अपनी बात बेरोक-टोक बोलने दें, उनकी बातें गौर से सुनें।

**हल सुलझाने पर दें जोर**

**लगातार काफी** देर बाद भी बैठक किसी नतीजे पर न पहुंच पा रही हो तो सभी सदस्यों से विनम्र आग्रह करें कि हम सबने अपनी-अपनी राय रख दी है। बेहतर होगा कि अब हम सभी अपनी तरफ से स्थिति को सुलझाने के लिए हल सुझाएं और सामंजस्य बनाकर एक रास्ता निकालें, अपने काम में लग जाएं, उसे अच्छा से अच्छा अंजाम दें।

**बातों को समझ कर रिएक्शन दें:** कई बार मीटिंग में मौजूद लोग आपके विचारों से बिल्कुल विपरीत राय रखते हैं। यह उनकी सोच है, उन्हें अपने विचार रखने का पूरा अधिकार है। अगर आपके पास उनकी बातों और तथ्यों के विपरीत ठोस तथ्य और तर्क हैं तो उन्हें सधे हुए शब्दों में विनम्रता से रख सकती हैं। साथ ही जो आपकी राय से सहमत हैं, उनका उल्लेख करके उन्हें थैंक्स बोलें। लेकिन किसी को डांट कर चुप कराना, शोर मचाना और अपशब्द बोलना मीटिंग के एटिकेट के खिलाफ होता है। इससे आपकी छवि धूमिल हो सकती है।

**मत के विरोध को अपना विरोध ना समझें:** हॉवर्ड बिजनेस रिव्यू के विशेषज्ञों का कहना है कि किसी बहस को सार्थक बनाने के लिए बहुत जरूरी है, पार्टिसिपेट करने वाले लोगों का इंटेलेक्चुअली विनम्र होना। इसका मतलब यह है कि किसी मीटिंग में हो रही बातों को कभी पर्सनली नहीं लेना चाहिए। अगर किसी बात से आप असहमत हैं तो भी उसका सम्मान करें। आपको लगे कि आप गलत हैं तो इसे स्वीकारें। अड़ना या बेवजह बहस करना उचित नहीं है।

**तनावपूर्ण माहौल को हल्का बनाएं:** कई बार कोई बहस इतनी जटिल और विरोधाभासी माहौल में होती है कि पार्टिसिपेंट्स में कहा-सुनी हो जाती है। ऐसे में आपको सूझ-बूझ से काम लेते हुए कोई ऐसी बात या किस्सा सुनाना चाहिए कि लोग बरबस ही हंसने पर मजबूर हो जाएं। माहौल को हल्का बनाने के लिए चाय-नाश्ते के बहाने एक ब्रेक भी लिया जा सकता है। इससे बहस-विवाद बंद हो जाएगा।



सजेशन
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में पसीने की बैड स्मेल से बचने के लिए आप परफ्यूम जरूर यूज करती होंगी। अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

# ऐसे करें सेलेक्ट परफेक्ट परफ्यूम

गर्मियों में पसीने की बदबू जहां हमारा मूड खराब कर देती है, वहीं वर्कप्लेस या लोगों के बीच इससे दूसरे लोग भी असहज महसूस करते हैं और कई बार हमें शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। हालांकि शरीर से पसीना आना प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन जब यह पसीना बैक्टीरिया से मिलता है, तो दुर्गंध पैदा होती है। पसीने को रोका नहीं जा सकता लेकिन सही डीओडरेंट या परफ्यूम के यूज से गंध को दूर किया जा सकता है। हालांकि कुछ लोग सुगंध वाले टैल्कम पावडर का भी यूज करते हैं। लेकिन पावडर पसीने को केवल सुखा देता है। इसलिए परफ्यूम ही बेटर ऑप्शन है। इसे सेलेक्ट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें। इससे आप ही नहीं आपके आस-पास के लोग भी फील गुड करेंगे।



- पैसे बचाने के लालच में कभी अनब्रांडेड या लो क्वालिटी परफ्यूम ना खरीदें। इसे अप्लाई करने से आपको स्किन एलर्जी हो सकती है। अगर आपको किसी ब्रांड का परफ्यूम सूट करता हो तो उसे ही यूज करते रहें और बार-बार ब्रांड न बदलें।
- कभी भी परफ्यूम को शरीर के खुले अंगों पर न लगाएं क्योंकि इससे रिएक्शन होने का रिस्क बढ़ जाता है।
- परफ्यूम खरीदने से पहले इसकी पैकिंग में एसिड की मात्रा जरूर चेक कर लें क्योंकि एसिड की मात्रा ज्यादा होने से स्किन पर इचिंग, रैशेज या दाने आदि की समस्या हो सकती है।
- परफ्यूम की क्वालिटी चेक करने के लिए उसे अपनी कलाई पर दस मिनट तक लगाकर रखें। अगर उस भाग पर दस मिनट तक कोई खुजली या काला धब्बा नहीं पड़ता तो यह आपकी स्किन के लिए सुटेबल होगा।
- परफ्यूम के सुगंध की जांच स्टोर के बाहर जरूर कर लें क्योंकि स्टोर के अंदर एयर कंडीशनिंग का असर परफ्यूम की सुगंध पर पड़ता है।
- इस सीजन में हमेशा नेचुरल और लाइट स्मेल वाला परफ्यूम ही यूज करें। समर सीजन के लिए फ्लोरल स्मेल, जैसे-गुलाब, चंदन, लैवेंडर या लेमन की खुशबू वाले परफ्यूम सबसे अच्छे लगते हैं।

केयर / नीलम अरोड़ा

इन दिनों जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बचने के लिए बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। यहां बताई जा रही बातें, बच्चे को गर्मी से बचाने में कारगर हो सकती हैं।

# इस तपती गर्मी में ऐसे रखें बच्चों का ख्याल



हालांकि इन दिनों अधिकांश राज्यों के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इस वजह से बच्चे घर से बाहर कम ही निकलते हैं। लेकिन बीते कुछ दिनों से जैसी तपती गर्मी पड़ रही है, उससे बच्चों के बीमार होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस दौरान लापरवाही बरतने पर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, गर्मी से थकान, लू लगने जैसी समस्याएं बच्चों को हो सकती हैं। उन्हें इससे बचाने के लिए आपको पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है।

**जब रहें घर के भीतर:** अगर आप ऐसी जगह में रहती हैं, जहां अकसर बिजली चली जाती है या घर में एयर कंडीशनर नहीं है तो ऐसे में बच्चों को गर्मी से बचाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। घर के बाहर की तपिश से बचाने के लिए उन्हें घर के भीतर ही रखना एक विकल्प होता है। इस दौरान घर की खिड़कियों और दरवाजों को बंद रखें, ताकि बाहर की गर्म हवाएं घर में ना आ सकें। अगर आप घर में टेबल फैन का इस्तेमाल करती हैं तो उसे बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पंखे की सीधी गर्म हवा भी बच्चों में एलर्जी का कारण बन सकती है। इससे उनको आंखों में खुजली और नाक बहने की समस्या हो सकती है। इसलिए पंखे के ठीक सामने बच्चे को ना बैठाएं या लिटाएं। गर्मी से बचाव के लिए कूलर की नमी भरी हवा राहत देती है। पंखे के सामने रहने के बजाय बच्चे को कूलर वाले रूम में बैठाएं या लिटाएं।



**जब घर से जाना पड़े बाहर:** हालांकि डॉक्टर्स ने सलाह दी है कि इन दिनों बच्चों और बुजुर्गों को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। इसके बावजूद अगर मजबूरी या किसी जरूरी काम से बच्चों को घर से बाहर जाना पड़े तो पूरी सावधानी बरतें। बच्चों को हाईड्रेट रखें और उन्हें कुछ-कुछ देर में पानी पिलाती रहें। नारियल पानी या आम पना भी पिला सकती हैं। अगर आप ब्रेस्टफीड कराने वाले बच्चे के साथ बाहर जा रही हैं तो उसे अपने दूध के अलावा ऊपर का दूध भी पिलाएं। उबालकर ठंडा किया हुआ पानी भी पिला सकती हैं। बच्चे को गहरे रंगों की बजाय हल्के रंग के कपड़े पहनाएं। जिनमें पर्याप्त वेंटिलेशन हो। बच्चों में बड़ों की तुलना में पसीना कम आता है, इसलिए उन्हें लूज ड्रेस ही पहनाएं।

**इससे मिलेगी ठंडक:** गर्मी के कारण शरीर को थकान भी ज्यादा लगती है। इससे बच्चों में चिड़चिड़ापन आता है। इससे बचाव के लिए बच्चे को ठंडक का अहसास दिलाने के प्रयास करती रहें। बच्चे को अगर बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है तो उसे ठंडे पानी से दिन में दो बार नहला सकती हैं। उसके शरीर पर कूल फील कराने वाले टाल्कम पावडर लगा सकती हैं। कुछ कुछ देर में उसे मैंगो शेक, छाछ या लस्सी पीने को दे सकती हैं। इन उपायों से उसे ठंड का अहसास होगा।

**तब तुरंत दिखाएं डॉक्टर को:** बेहद सतर्कता बरतने के बावजूद अगर बच्चों को लू लग जाती है तो उसके ट्रीटमेंट में देर ना करें। इसे कुछ लक्षणों से आप पहचान सकती हैं। अगर बच्चे को बेहोशी महसूस हो, ज्यादा नींद आए, सिरदर्द हो, ज्यादा प्यास लगे, गर्मी के कारण बुखार हो, कई घंटों तक पेशाब न हो, जी मिचलाए, उल्टी आए, मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन जैसी कोई भी समस्या हो तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास लेकर जाएं। क्योंकि लू लगने पर ट्रीटमेंट में देरी से स्थिति गंभीर हो सकती है।

स्पेशल: इंटरनेशनल योगा-डे, 21 जून

# योगा से हम रहते हैं फिट

योगासन सिर्फ फिजिकल ही नहीं मेंटल फिटनेस के लिए भी बहुत कारगर होता है। इसीलिए कई एक्ट्रेसेस भी इनको अपने फिटनेस शेड्यूल में शामिल करती हैं। कुछ टीवी एक्ट्रेस **सहेली** को बता रही हैं, योगा उन्हें हेल्दी और फिट रखने में कितना इफेक्टिव है?

### मैं सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं: अंजली तत्रारी



**सोनी सब** के शो 'वंशज' में युविका के रोल में दिख रहीं अंजली तत्रारी अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं अपनी फिजिकल फिटनेस से प्यार करती हूं और खुद को हेल्दी-स्ट्रॉन्ग बनाए रखने के लिए जो भी करना जरूरी है, मैं करती हूं। इसीलिए योगा को मैंने रूटीन लाइफ में शामिल किया है। मैं रोज सुबह उठने के बाद सूर्य नमस्कार जरूर करती हूं, जिससे पूरे शरीर को स्ट्रेच करने से लेकर फ्लैक्सिबिलिटी लाने तक कई फायदे मिलते हैं। सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह वास्तव में हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करता है। मैं अपनी सभी फीमेल फैंस को पीरियड्स के दौरान यह आसन करने की सलाह भी दूंगी। हालांकि लोगों में एक मिथक है कि पीरियड्स के दौरान आपको काम नहीं करना चाहिए और जितना हो सके उतना आराम करना चाहिए। इस बारे में मैं कहना चाहूंगी कि आपको उस दौरान भी सूर्य नमस्कार और कुछ योगासन जरूर करने चाहिए। मेरा क्लीयर मानना है कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगासन बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने अकसर फील किया है कि जब भी मैं योगासन करने के बाद सेट पर शूटिंग के लिए जाती हूं तो मैं अधिक कंसंट्रेट और प्लीजेंट रहती हूं। साथ ही अन्य दिनों की तुलना में अधिक एक्टिवली अपने काम करती हूं। एक एक्ट्रेस के तौर पर दिन में 12-13 घंटे काम करना काफी हैक्टिक होता है। हमें कई तरह के प्रेशर सहने पड़ते हैं। ऐसे इमोशनल प्रेशर सहते हुए अच्छा परफॉर्म करने में योगासन मेरे लिए बहुत हेल्पफुल साबित होता है।'

### योगा से एनर्जेटिक-फ्रेश फील करती हूं: विदिशा श्रीवास्तव



**एंड टीवी पर** टेलीकास्ट हो रहे कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता मिश्रा का रोल निभाने वाली विदिशा श्रीवास्तव अपनी लाइफ में योग की इंपॉर्टेंस के बारे में बताती हैं, 'मैं लगभग दो साल से योग कर रही हूं। इससे मुझे बहुत पॉजिटिव रिजल्ट्स मिले हैं। मेरी कंसंट्रेशन को बढ़ाने और मेरे कंप्लीट हेल्थ को मेंटेन रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर सुबह योग करने के बाद मैं पहले से ज्यादा एनर्जेटिक और फ्रेश महसूस करती हूं। वैसे तो मैं अभी भी योग के विभिन्न आसनों को सीख रही हूं, लेकिन सूर्य नमस्कार से मुझे सबसे ज्यादा फायदा मिल रहा है। इस खास योगासन का तन-मन दोनों पर ही एक पॉजिटिव इफेक्ट पड़ता है। यह तनाव और चिंता को दूर करने में भी बहुत मदद करता है। इससे मेरी बैक मसल्स स्ट्रॉन्ग बनी हैं और बॉडी पोस्चर बेहतर हुआ है। मैं मानती हूं कि मेरी अत्यधिक बिजी लाइफ के बीच योग एक रिलैक्सेशन जोन की तरह काम करता है। इसीलिए मैं रोजाना योग जरूर करती हूं, इससे मुझे रूटीन लाइफ में बैलेंस बनाए रखने में बहुत मदद मिलती है। इससे मेरे अंदर पॉजिटिविटी बढ़ी है। इसने मेरे एक्टिंग स्किल को भी बेहतर बनाया है।'

### योगासन से रिलैक्स फील करती हूं : आयुषी भावे



**स्टार भारत** के सस्पेंस थ्रिलर शो '10:29 की आखिरी दस्तक' में बिंदु का रोल आयुषी भावे निभा रही हैं। योगासन के इंपॉर्टेंस के बारे में वे कहती हैं, 'मैं मानती हूं कि शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगा बहुत इंपॉर्टेंट रोल प्ले करता है। मैं रेग्युलर योगा प्रैक्टिस करती हूं। मेरा फेवरेट आसन चक्रासन है। उससे मेरे शरीर में ब्लड फ्लो इंप्रूव होता है। ब्लड को हर ऑर्गन और टिश्यू तक पहुंचने में मदद मिलती है। इससे स्पाइन की स्ट्रेंथ बढ़ती है, तनाव कम होता है और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी भी बढ़ती है। इसके अलावा प्राणायाम करती हूं, जिससे मुझे रिलैक्स फील होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। इससे मैं किसी भी तनावपूर्ण माहौल में शांत महसूस करती हूं।'

## खबर संक्षेप

### आसंडा मंदिर में भंडारा कल

**बहादुरगढ़।** गांव आसंडा के दादा पचपीर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन वीरवार 20 जून को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति के प्रवक्ता ने बताया कि भंडारे से पूर्व हवन किया जाएगा। जिसके बाद मंदिर प्रांगण में ही भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### रेलवे रोड से बाइक चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** शहर में दोपहिया वाहनों की चोरी नहीं थम रही। अब एक व्यक्ति की रेलवे रोड से बाइक चोरी हो गई। समचाणा गांव के निवासी दिनेश का कहना है कि वह किसी काम के सिलसिले में यहां रेलवे रोड पर आया था। बाइक खड़ी करके बाजार में चला गया। कुछ देर बाद लौटा तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर खूब तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, सिटी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### जीआरपी ने दर्ज किया ऑटो चालक पर केस

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन का रास्ता अवरुद्ध करने के आरोपी थ्री व्हीलर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जीआरपी के अनुसार महेंद्रगढ़ के गांव थाना निवासी नरेंद्र ने अपना ऑटो नारनौल रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के बीच में खड़ा किया हुआ था। इससे यात्रियों का आवागमन बाधित हो रहा है। जीआरपी स्टाफ के समझाने के बाद भी वह हरकतों से बाज नहीं आया तो उसे काबू कर लिया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने मनेठी में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर गत 21 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मनेठी निवासी मैनपाल व हिमांशु को गिरफतर कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया। एक अन्य मामले में थाना जाटूसाना पुलिस लाला निवासी प्रवीन कुमार को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर निवासी एक महिला ने पुलिस को दर्ज शिकायत में ससुराल पक्ष के लोगों को उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने और धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने काउंसलिंग के जरिए दोनों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने 3 अप्रैल को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने अुर्जन निवासी अजय को गिरफ्तार किया है।

### धोखाधड़ी मामले में एक और आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने जनवरी माह में दर्ज धोखाधड़ी के मामले के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर गत 1 जनवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की थी।

## छबील लगाने का यह उत्साह शहर के साथ-साथ गांवों में भी देखने को मिला

# युवाओं ने छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने शहर में जगह-जगह छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। छबील लगाने का यह उत्साह शहर के साथ-साथ गांवों में भी देखने को मिला। शहर में जहां मेन बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, नेताजी सुभाष चौक, महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम के नजदीक, शिव चौक आदि सहित विभिन्न स्थानों पर छबील का आयोजन किया गया वहीं रेवाड़ी रोड के गांव खखाना, दादनपुर, कुलाना आदि जगहों पर भी युवा वाहनों को रुकवाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाते दिखाई दिए। खखाना गांव की प्याऊ पर छबील लगाकर राहगीरों में शरबत वितरण कर रहे युवा प्रमोद, प्रदीप, धुरव, कृष्ण, यश, संदीप, अक्षर, धौलू, सोमबीर, श्रवण व यशप्रीत ने बताया कि वे सुबह से सड़क के दोनों किनारों पर खडे. होकर आते-जाते वाहनों को रुकवा कर राहगीरों को ठंडा पानी पिला रहे हैं। ऐसे में जहां प्यास से बेहाल मोटरसाइकिल सवार स्वयं भी रुककर पानी पी रहे हैं वहीं बसों को रुकवा उनकी टीम यात्रियों में शरबत वितरण कर रही है।



झज्जर। खखाना गांव की प्याऊ पर छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

**ठंडे शरबत के सामने स्वच्छ भारत अभियान रहा फीका**

निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर श्रद्धालुओं को शरबत पिलाने का जज्बा बेशक लोगों में कूट-कूट कर भरा दिखाई दिया लेकिन कई स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था न होने के कारण डिस्पोजल गिलास हवा के झौंकों के साथ इधर-उधर फैलते दिखाई दिए। ऐसे में लग रहा था कि मीठे शरबत के सामने स्वच्छ भारत का नारा फीका हो गया है। हालांकि छबील लगाने वाले लोगों द्वारा कई स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था भी की थी लेकिन भीड़ होने के साथ ही जल्दबाजी वाले राहगीरों ने प्लास्टिक के इन गिलासों को डस्टबिन में डालने की जहमत नहीं उठाई और छबील लगाने वाली समिति सदस्य भी रोड पर बिखरे इन गिलासों को उठाने में संकोच करते रहे। पहले के समय में जहां प्लास्टिक या स्टील के ऐसे ग्लासों का प्रयोग किया जाता था जिन्हें साफ करने उपरांत फिर से उपयोग में ले लिया जाता था। अब बदलते परिवेश के साथ उन गिलासों का स्थान डिस्पोजेबल गिलासों ने ले लिया है। ये गिलास इतने हल्के हैं कि यदि पेय पदार्थ डालते समय भी हवा में गिर सकते हैं।



बहादुरगढ़। छबील में जल वितरित करते कपूर राठी। फोटो :हरिभूमि

### छबील में कपूर ने की जलसेवा

**बहादुरगढ़।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज शाखा बहादुरगढ़ द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। छबील में राहगीरों को मीठा शीतल जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। युवा इनेलो नेता कपूर सिंह राठी ने छबील का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी व सच्ची सेवा है। ज्येष्ठ माह में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने से पुण्य मिलता है। आयोजन में मास्टर कृष्ण प्रधान, एडवोकेट विपिन प्रधान, रवि महरोलिया, देवेंद्र फौजी, देवेंद्र लाला, रोहित, अमन, कुलदीप, वीरू, अभिषेक, सन्नी, पंकज, मानू, सागर, विनोद व अरुण आदि ने सहयोग किया।



बहादुरगढ़। गांव नूना माजरा में लगी छबील में जलसेवा करते ग्रामीण।

### श्रद्धा भाव से मनी निर्जला एकादशी

**बहादुरगढ़।** निर्जला एकादशी मंगलवार को विशेष श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक ओर जहां मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, वहीं दूसरी ओर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने छबील (प्याऊ) लगाकर पुण्य अर्जित किया। विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों की ओर से प्रमुख बाजारों व मार्गों पर सुबह से ही छबील नजर आने लगी थी। लोगों को गर्मी के मौसम में ठंडा-मीठा जल पिलाया गया। बता दें कि ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी निर्जला एकादशी के नाम से जानी जाती है। इस एकादशी को भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस व्रत को करने से व्यक्ति को दीर्घायु तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस एकादशी व्रत को निर्जल रखा जाता है, बुधवार को जिले में सैकड़ों महिलाओं ने निर्जल रहकर व्रत रखा। पंडित महेंद्र शर्मा के अनुसार इस एकादशी को करने से वर्ष की 24 एकादशियों के व्रत के समान फल मिलता है। निर्जला एकादशी व्रत के दिन अन्न का सेवन नहीं किया जाता है। इस एकादशी का व्रत करना सभी तीथाऱ्ें में स्नान करने के समान है। मंगलवार को क्षेत्र में निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह ठंडे मीठे जल की छबीलें लगाई। इसके साथ-साथ काले चने व फल भी वितरित किए। वहीं मंदिरों में लोगों ने पानी के घड़े, पंखे व फल दान किए।

# ओमेक्स में लगा चौथा वाटर कूलर



बहादुरगढ़। वाटर कूलर जनता को समर्पित करते स्थानीय निवासी।

■ डी ब्लॉक निवासी दिनेश गुप्ता ने परिवार के साथ इसे लोकार्पित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के रोहतक रोड पर स्थित ओमेक्स सिटी में लग चुके 3 वाटर कूलरों की उपयोगिता को देखते हुए निर्जला एकादशी के मौके पर चौथा वाटर कूलर लगाया गया। सेक्टर-15 के डी ब्लॉक में वाटर कूलर लगवाया गया है। डी ब्लॉक निवासी दिनेश गुप्ता ने परिवार के साथ इसे लोकार्पित किया। हैप्पी होम के बीसीडी ब्लॉक लोग इसमें मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता बलबीर दलाल, सतीश घई, सरदार हरजीत सिंह, सतनाम सिंह, गणपत राम शर्मा, विजय छिल्लर, कृष्ण गोयल, जयपाल सिंगला, विक्की मदान, राजेश मदान, मास्टर अमरजीत, मास्टर राकेश कादयान, सतीश शर्मा व सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

# योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर योगा पायलट रिहर्सल आज

■ एसडीएम ने अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नई अनाज मंडी परिसर में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय में एसडीएम रविंद्र मलिक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। एसडीएम ने अधिकारियों को योग दिवस कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी आवश्यक प्रबंधों समय रहते पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को पायलट रिहर्सल में योग प्रोटोकॉल क्रियाओं की रिहर्सल की जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी कार्यक्रम के दौरान, साफ-सफाई, पेयजल, अस्थाई शौचालय, एंबुलेंस बिजली आदि व्यवस्थाओं को समयबद्ध पूरा करें।



बेरी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रविंद्र मलिक। फोटो :हरिभूमि

# एसडीएम ने शिकायतों के जल्द समाधान के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

मंगलवार को एसडीएम रविंद्र मलिक ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। शिविर में आठ व्यक्ति समस्याओं को लेकर पहुंचें।

उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में इंकम संबंधित सत्यापन के लिए राजस्व कर्मचारी त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करे,जिससे पीपीपी डाटा सत्यापन सम्बन्धित कार्य प्रभावित ना हो सके। उन्होंने समाधान शिविर में तीन समस्या जनस्वास्थ्य विभाग,तीन समाज कल्याण विभाग में पेंशन संबंधित और एक-एक विकास एवं पंचायत और राजस्व विभाग से संबंधित रही।



बेरी। समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते एसडीएम रविंद्र मलिक। फोटो :हरिभूमि

■ शिविर में आठ व्यक्ति समस्याओं को लेकर पहुंचें

# जन्मदिन पर शिक्षिका ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के त्रिवेणी स्कूल की शिक्षिका कुसुम राठी ने अपने 51वें जन्मदिन पर रक्तदान करके आमजन को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने जीवन ज्योति अस्पताल में रक्तदान किया। ब्लड सेंटर की इंचार्ज पूनम मलिक ने बताया कि अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल मरीजों के लिए रक्त की आवश्यकता रहती है। स्वैच्छिक रक्तदान करने पर अस्पताल की ओर से शिक्षाविद कुसुम राठी को सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र दहिया, अन्नू गुलिया, सुनील देवी व सचिन शर्मा ने भी उनकी सराहना की।

## चिटफंड कंपनी के जरिये करोड़ों की चपत लगाने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने एक शातिर जालसाज को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। इस पर चिटफंड कंपनी की आड़ में करोड़ों की ठगी का आरोप है। आरोपी 2020 में मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का नाम भी घोषित था। सैंकड़ों लोगों को जाल में फंसा मोटी चपत लगाने वाले इस आरोपी का नाम प्रेम वाधवा (64) निवासी ईस्ट ऑफ कैलाश है। डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार आरोपी ने अपने बहनोई हरीश के माध्यम से श्रीनिवास पुरी में चिटफंड कंपनी का ऑफिस खोल ठगी की थी। यह लोग लुभावनी योजनाओं में निवेश करवाते थे। 2020 के मार्च में प्रेम वाधवा अचानक से अंडर ग्राउंड हो गया। इसके बाद पचास लोगों ने मिलकर पुलिस में शिकायत दी, जिस पर आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी से जुड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। हाल ही में क्राइम ब्रांच को इसके बारे में पता चला कि वह पालमपुर हिमाचल प्रदेश में कहीं रह रहा है। पुलिस की एक टीम ने हिमाचल प्रदेश जाकर आरोपी के बारे में जानकारी जुटायी और फिर उसे पालमपुर एरिया से पकड़ लिया। वाधवा 11वीं तक पढ़ा है। उसके पिता की श्रीनिवासपुरी में दूग्ध उत्पाद की दुकान थी। वह भी अपने पिता के साथ दुकान के काम में हाथ बटाता था। साल 2007 से उसने चिटफंड का काम शुरु किया जो वर्ष 2020 तक चला। इस दौरान इसने अपने बहनोई के साथ मिलकर दो करोड़ से ज्यादा की ठगी की थी।

# ग्रामीणों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक



झज्जर। जागरूकता अभियान के दौरान उपस्थित ग्रामीण एवं पुलिसकर्मी।

**झज्जर।** नशा मुक्त भारत पखवाड़े के तहत मंगलवार को क्षेत्र के गांव मदाना खुर्द में पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। एएसआई सुरेश कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य, उन्नति देश के युवाओं और भावी पीढ़ी पर टिकी होती है। युवा पीढ़ी अगर गलत रास्ते पर चल पड़े तो निश्चित तौर पर उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। नशे की लत व्यक्ति, परिवार,समाज तथा राष्ट्र के तरक्की के लिए खतरा बनता जा रहा है। यदि हम एक बेहतर समाज व समृद्ध देश बनाने का सपना देख रहें हैं तो युवाओं और भावी पीढ़ी को नशे की लत से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा के अवैध धंधे में लिप्त लोगों के संबंध में जानकारी देने के लिए पुलिस द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 8930305020 जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि नाम बताने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

**कार्यक्रम**

## पीएम नरेंद्र मोदी ने वेब कास्टिंग के जरिए देश के किसानों को अपना संदेश दिया

# जिले के 45 हजार से ज्यादा किसानों के खाते में डाली 17वीं किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के दौरान जिला झज्जर के 45 हजार से ज्यादा किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 17वीं किस्त की राशि डाली। पीएम नरेंद्र मोदी ने वेब कास्टिंग के जरिए देश के किसानों को अपना संदेश भी दिया। इससे पहले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में करनाल से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वेब कास्टिंग के माध्यम से किसानों को संबोधित किया। इसके अलावा जिला स्तर पर लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित कार्यक्रम में डीसी कैप्टन शक्ति सिंह,भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित अहलावत सहित अन्य प्रबुद्धजनों ने भाग लिया।



झज्जर। संवाद भवन में किसानों को संबोधित करते डीसी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर में सुनीं 168 नागरिकों की शिकायतें

**झज्जर।** मंगलवार को प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीसी के माध्यम से समाधान शिविरों को लेकर प्रदेशभर के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाद में समाधान शिविर में डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने लोगों की 168 समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पुलिस विभाग से संबंधित सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जो शिकायतें मौके पर निपटाने की थी, उनका तत्काल समाधान कर दिया और जिनका समाधान तत्काल संभव नहीं था, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्रता से समाधान करने के निर्देश दिए।



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। अग्रसेन कालेज में सेनेटरी पैड डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीन के साथ प्राचार्या व रैडक्रास कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### अग्रसेन कॉलेज में लगी सेनेटरी पैड डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीन

**झज्जर।** शहर के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में सेनेटरी पैड डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीन भेंट की गई। रेडक्रॉस सचिव देवेंद्र चहल ने बताया कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा रेडक्रॉस जिला शाखाओं को 82 सेनेटरी पैड डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीनों को वितरण के लिए भेजा गया था। जिला झज्जर को तीन मशीनें प्राप्त हुई है, जिसमें से एक मशीन महाराजा अग्रसेन कॉलेज, झज्जर में लगाई गई। इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा, सहायक सचिव पवन कुमार व फर्स्ट एड प्रवक्ता कंचन कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तर पर आज होगी योग मैराथन

**झज्जर**। बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के बीच जिला मुख्यालय सहित सभी खंडों में फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएंगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम की रिहर्सल के उपरांत आठ बजे योग मैराथन होगी। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम की रिहर्सल रोडवेज वर्कशाप परिसर में सुबह सात बजे शुरू होगी। वहीं बादली खंड के लिए रिहर्सल गांव देवरखाना स्थित केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान परिसर में, बेरी में नई अनाज मंडी परिसर, बहादुरगढ़ में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, माछरौली व मातनहेल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, साल्हावास स्थित आईटीआई में होगी।

### आभार जताने कल आएंगे दीपेंद्र

**बहादुरगढ़**। नवनिर्वाचित सांसद दीपेंद्र हुड्डा वीरवार 20 जून को धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर धन्यवाद व्यक्त करेंगे। विधायक राजेंद्र सिंह जून बताया कि दिल्ली रोहतक रोड स्थित दीनबंधु सर छोटूराम धर्मशाला में दोपहर 3 बजे आयोजित धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचकर दीपेंद्र इलाके की जनता का चुनाव में सहयोग व आशीर्वाद देने पर धन्यवाद करेंगे।

### जादूगर सम्राट शंकर कल दिखाएंगे जादू शो

**झज्जर**। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि जादूगर सम्राट शंकर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नजदीक पुराना बीकानेर चौक में प्रतिदिन दो शो का आयोजन करेंगे, जिनमें आमजन के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि यह शो प्रतिदिन दोपहर एक बजे व शाम सात बजे आयोजित होंगे।

### गुभाना में किया झांसी की रानी को नमन

**बहादुरगढ़**। गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में महान स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई को पुण्यतिथि पर नमन किया गया। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला। समिति सदस्यों ने रानी लक्ष्मी बाई को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, जयभगवान प्रधान, एटीआई रामकुमार, सत्यवान, अमन व फूल कुमार आदि मौजूद रहे।

## पंद्रह रुपये प्रति मटका खरीद रहे पानी, उस पर भी रहती है मारामारी

# पेयजल किल्लत से जूझ रहे सिवाना के ग्रामीण पशुओं के लिए भी तालाबों में नहीं बचा पानी

पेयजल किल्लत के कारण लोगों को दूर-दराज से पानी भरकर लाना पड़ता है। जिन्हें दूर से पानी लेकर आने में परेशानी है ग्रामीण पानी खरीदने को विवश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

दिनों-दिन बढ़ती जा रही गर्मी के चलते लोगों को पेयजल समस्या का सामना तो करना पड़ता है लेकिन जब पशुओं के लिए भी पीने का पानी मुहैया न हो पाए तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। क्षेत्र के सिवाना के ग्रामीणों को आजकल कुछ ऐसी ही समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। जहां गांव में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है वहीं गांव के तालाब भी सूखने की कगार पर होने के कारण पशुओं के पीने के पानी को लेकर भी समस्या आ रही है। ग्रामीणों द्वारा इस हालत का जिम्मेवार जलघर में तैनात कर्मचारियों को ठहराया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बीती 18 मई से लेकर तीन जून तक नहर में पानी की सप्लाई जारी थी, लेकिन जलघर में लगे कर्मचारी अन्य कार्यों में व्यस्त रहे जिस कारण पानी का स्टॉक नहीं हो पाया। ऐसे में आमजन की तो बात ही क्या, पशुओं के पीने लायक पानी भी गांव के तालाबों में नहीं है। पेयजल किल्लत के कारण लोगों को दूर-दराज से पानी भरकर लाना पड़ता है। जिन्हें दूर से पानी लेकर आने में परेशानी है ग्रामीण पानी खरीदने को विवश है। गांव निवासी धर्मेंद्र, राजीव, पंकज, सत्यवान, मंगलसेन, आनंद, अनिल आदि ने बताया कि पशुओं के लिए पानी की समस्या के कारण उनमें मुंहखुर, बुखार आदि विकार भी फैल रहे हैं। यदि ग्रामीणों की माने तो वे अपनी इस समस्या को पंचायत प्रतिनिधियों से कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन इसके लिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई।




झज्जर। वाटर टैंक से पानी खरीदने के लिए लगी ग्रामीणों की भीड़ तथा गांव के जलघर में सूखे पड़े वाटर टैंक। फोटो : हरिभूमि

### गांव में बेचा जा रहा पंद्रह रुपये में एक मटका पानी

पेयजल किल्लत के कारण निजी तौर पर वाटर सप्लाई करने वाले कर्मचारियों की चांदी है। पानी की महत्वता को देखते हुए ग्रामीणों को पंद्रह रुपये में एक मटका पानी दिया जा रहा है। पानी की किल्लत इतनी अधिक है कि जब निजी वाटर सप्लायर पानी बेचने के लिए गांव में वाटर टैंक लेकर पहुंचते हैं तो उस दौरान भी लोगों की इतनी भीड़ उमड़ती है कि जहां थोड़ी ही देर बाद टैंक खाली हो जाता है वहीं कुछ ग्रामीण पानी लेने से भी वंचित रह जाते हैं। ऐसे में ग्रामीणों को आर्थिक परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है।



बहादुरगढ़। पार्षद सचिन दलाल को सम्मानित करते मॉडल टाउन निवासी।

## विकास कार्यों के लिए किया पार्षद का सम्मान

**बहादुरगढ़**। शहर के वार्ड नंबर-17 में 23 लाख की लगात से मॉडल टाउन की गलियों का नवीनीकरण का काम चल रहा है। मॉडल टाउन निवासियों ने गली बनवाने के लिए पार्षद सचिन दलाल का आभार जताते हुए उनका सम्मान किया। पार्षद सचिन दलाल ने बताया कि वार्ड नंबर-17 में उनके द्वारा पास करवाए गए कई विकास कार्य चल रहे हैं। राम नगर में रामबाग के साथ लगते मंदिर की खाली जगह पर पार्क बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके अलावा नाहरा नाहरी रोड पर इंटरलॉक टाइल्स लगाई जा रही हैं। सचिन ने बताया कि ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में छोटे बच्चों के झूले भी जल्द लगाए जाएंगे। इसके अलावा धर्मपुरा की गलियों का भी जल्द टेंडर लगवाकर नवीनीकरण करवाया जाएगा। इस मौके पर अजय चौधरी, बच्चा सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, नायब अली, यशवीर दलाल, रंजीत सिंह, अशोक भारद्वाज, रीता चौधरी, भानी देवी व राजू भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### प्लाट में मकान निर्माण कर रहे व्यक्ति के साथ मारपीट

**झज्जर**। क्षेत्र के गांव दूबलधन में पुश्तैनी प्लाट को तोड़ कर मकान निर्माण कर रहे प्लाट मालिक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में दूबलधन निवासी विक्रम ने बताया कि वह अपने पुश्तैनी प्लाट में बने कमरे को तोड़ कर उसने नया बनवा रहा था। इसी दौरान उसका भाई राजवीर, संदीप, मंदीप व अनिता ने पहुंच कर ईंट उठाकर मारपीट शुरू कर दी। जब उसके पिता धारे ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पुलिस ने विक्रम की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



बहादुरगढ़। कैंप में मौजूद बच्चों को शिक्षा देती ब्रह्माकुमारी। फोटो : हरिभूमि

## विभिन्न गतिविधियों से शिक्षा ले रहे बच्चे

**बहादुरगढ़**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेक्टर-2 और नई बस्ती सेवा केंद्र पर बच्चों के लिए संपूर्ण व्यक्तित्व विकास समर कैंप का आयोजन किया गया। सेक्टर-2 सेवा केंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने सभी बच्चों को मूल्य आधारित संस्कारों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया।

सेवा केंद्र में बच्चों को संपूर्ण व्यक्तित्व निखार के लिए विभिन्न गतिविधियों में संलग्न किया गया। बीके विनीता दीदी ने कहा कि बचपन कच्ची मिट्टी के समान होता है। उनका प्रयास है कि बाल्य काल से ही बच्चों में देवी संस्कार भरे जाएं। बीके लक्ष्मी दीदी ने बच्चों को देवी संस्कार धारण करने के लिए प्रेरित करते हुए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया। बीके इंदू बहन ने बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज कराई। बीके अंजू दीदी ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की रचनात्मक क्रियाकलाप कराते हुए वेस्ट से बेस्ट बनाने की तकनीक सिखाई। कैंप का लाभ बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता ने भी उठाया। नई बस्ती सेवा केंद्र पर बीके अमृता दीदी ने खेल-खेल में अच्छे संस्कार धारण करने की तकनीक बच्चों को सिखाई। उन्होंने गायत्री मंत्र प्रार्थना एवं ज्ञान का महत्व बताते हुए बच्चों को अपने दैनिक जीवन में इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया। बीके प्रीती दीदी ने बच्चों को प्रेरणादाई कहानियां सुनाकर शिक्षाओं को धारण करने के लिए उत्साहित किया। कैंप ने बच्चों और माता-पिता को महत्वपूर्ण जीवन मूल्य और कौशल सिखाए गए।

## अवैध पार्किंग रोकने के लिए लगाए चेतावनी बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

- बहादुरगढ़ शहर में बाजारों के आसपास पार्किंग की सुविधा नहीं

शहर में सड़कों पर अवैध पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। इस वजह से जाम भी लगा रहता है। इस समस्या को देखते हुए पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर यातायात पुलिस की ओर से शहर में चेतावनी बोर्ड (नो-पार्किंग) लगाए जा रहे हैं। फिलहाल रोहतक-दिल्ली रोड पर यह व्यवस्था की जा रही है। आगामी समय में रेलवे रोड, मेन बाजार सहित अन्य सड़कों पर भी ये व्यवस्था देखने को मिल सकती है।

दरअसल, शहर की सड़कों पर अक्सर अव्यवस्थाएं हावी रहती है। लोग आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर जाते हैं। इस अवैध बेतरतीब पार्किंग के कारण सड़कों की चौड़ाई सिकुड़ जाती और यातायात बाधित हो जाता है। शाम के वक्त तो हालात गंभीर हो जाते हैं। लाल चौक, झज्जर चुंगी, विश्वकर्मा चौक सहित कुछ अन्य चौकों पर हालात बिगड़ जाते हैं। हालांकि यातायात पुलिस अक्सर व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास करती है, लेकिन लोगों से उम्मीदों के अनुरूप सहयोग नहीं मिल पाता। इसी कड़ी में पुलिस की ओर से शहर के सबसे व्यस्तम चौक (लाल चौक) पर दोनों तरफ नो-पार्किंग चेतावनी बोर्ड लगा दिए गए हैं। इस चेतावनी बोर्ड का फिलहाल थोड़ा-बहुत असर तो देखने को मिला है लेकिन अधिकांश चालक नियमों की अनदेखी कर वाहन खड़े करने से बाज नहीं आते। कुछ जागरूक लोगों का कहना है कि केवल बोर्ड लगाने से नहीं बल्कि सख्ती भी बरतने की जरूरत है तभी ये प्रयास सफल हो पाएंगी। शाम के वक्त झज्जर चुंगी पर भी बुरे हालात रहते हैं। वहां पर ध्यान देने की जरूरत है। वहीं शहर के निवासी सचिन ने कहा कि बहादुरगढ़ शहर में बाजारों के आसपास पार्किंग की सुविधा नहीं है। मजबूरन लोगों को सड़कों पर अपने वाहन खड़े करने पड़ते हैं। यदि पार्किंग की व्यवस्था हो तो कहीं हद तक इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

उधर, यातायात प्रभारी विकास कुमार का कहना है कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रही है। लोगों से भी सहयोग की अपेक्षा है। लाल चौक पर चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। लोग इन जगहों पर वाहन न खड़े करें। यदि कोई अवहेलना करता है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।




बहादुरगढ़। लाल चौक पर चेतावनी बोर्ड के साथ खड़ी गाड़ियां। फोटो : हरिभूमि

### मलिक ने गाजियाबाद में जीते चार मेडल

**बहादुरगढ़**। हाल ही में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हुई डिस्ट्रिक मास्टर एथलेक्सि चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के परमानंद मलिक छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए मलिक ने चार मेडल अपने नाम किए।



उन्होंने जैवलिन थ्रो में गोल्ड, हैमर थ्रो में गोल्ड तथा डिस्कस और गोला फेंक में सिलवर मेडल जीते। उनकी जीत से परिजनों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस जीत के साथ ही उनके पदकों की कुल संख्या 306 हो गई है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीत चुके हैं। करीब 78 वर्षीय परमानंद बहादुरगढ़ में बराही रोड के रहने वाले हैं। ढलती उम्र में भी कई-कई घंटे रोजाना अभ्यास करते हैं। मलिक का कहना है कि जब तक उनके शरीर में जान है, तब तक वह खेलते रहेंगे। फिलहाल उनका अगला लक्ष्य अक्टूबर में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में मेडल जीतना है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया है कि नशे से दूर रहें और अपनी उर्जा को खेलों में लगाएं।

### खेतों से पानी लेने गए पिता-पुत्र को पीटा

**झज्जर**। कस्बा बेरी में खेतों से पानी लेने गए पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में बेरी के हिंद्याण पाना निवासी जसमिंद्र ने बताया कि वह बीती 16 जून को अपने पुत्र राहुल के साथ खेत से पानी लेने के लिए गया था। जब वे इंजन चला रहे थे तो उस दौरान गांव का ही आशीष साथ लगते खेत में अपने चार-पांच साथियों के साथ छुपकर बैठा था। उन्होंने अचानक दोनों पिता-पुत्रों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में उसके पुत्र राहुल के शरीर पर लोहे की राड से चोट पहुंचाई। घटना को अंजाम देने के बाद जल्दबाजी में वे एक मोटरसाइकिल भी वहीं छोड़ कर भाग गए। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जसमिंद्र के अनुसार उसने आशीष के खिलाफ बीती 20 अप्रैल को भी एक शिकायत बेरी पुलिस चौकी में दी थी। इस संबंध में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## बीमारियों से बचाता है योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

विश्व हिंदू परिषद की इकाई मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा फरीदाबाद में सात दिवसीय प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इसमें झज्जर जिला संयोजिका डॉ अंजू अग्रवाल ने भी शिरकत की। प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाते हुए अग्रवाल ने बताया कि मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी के माध्यम से महिलाओं को स्वयं की रक्षा करने तथा आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण दिया जाता है। उनके अनुसार नियमित योग करने से गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। योग हमारे शरीर को निरोग बनाता है। नियमित रूप से योग करने से ब्लड प्रैशर, हदय रोग, जोडो का दर्द, शूगर, कमर दर्द, सरवाईकल, सहित कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।



बहादुरगढ़। सात दिवसीय कार्यक्रम में योगाभ्यास करवाती डॉ. अंजू अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

## युवाओं को नशे के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नशे के प्रति पुलिस की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को आरटीए आफिस परिसर में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव समझाए गए। एसीपी अखिल कुमार ने कहा कि नशा एक भयंकर बीमारी है। अगर किसी को नशे की लत लग जाती है तो वह अपने जीवन को बर्बाद कर लेता है। परिवार तक बर्बाद हो जाते हैं। इसलिए युवाओं से अपील है कि वे नशे से दूर रहें। अपने माता-पिता की मान मर्यादा का ख्याल रखें। अगर कोई आपका साथी, रिश्तेदार नशा करता है तो उसको भी समझाएं और उनका नशा छुड़वाने में सहयोग करें। अगर आपको कहीं से भी नशा बिकने की खबर मिलती है तो उसकी सूचना आप अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या हमारे हेल्पलाइन नंबर 8930305020 पर दे सकते हैं सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा। इस दौरान यातायात प्रबंधक बहादुरगढ़ निरीक्षक विकास कुमार, यातायात उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश व काफी संख्या में ड्राइवर मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। नशे के प्रति जागरूकता का संदेश देते एसीपी अखिल कुमार व अन्य।

## टिकट वितरण सही न होना किरण चौधरी की सोच, सही टिकट वितरण हुआ इसीलिए कांग्रेस की आई पांच सीटें : भूपेंद्र हुड्डा

- गांव बिसाहन में पूर्व जनरल दलबीर सुहाग के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरी

मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पूर्व आर्मी चीफ जनरल दलबीर सिंह सुहाग के पिता रामफल सिंह सुहाग के निधन पर शोक प्रकट करने के लिए उनके गांव बिसाहन पहुंचें। उन्होंने दिवंगत आत्मा को नमन करते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थाना की। बाद में पत्रकारों से रूबरू होते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किरण चौधरी के उन आरोपों का जवाब दिया है जिसमें किरण चौधरी ने लोकसभा चुनाव में हरियाणा के अंदर टिकटों का सही ढंग से वितरण होने की बात कही थी। हुड्डा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में हरियाणा के अंदर कांग्रेस ने सही ढंग से टिकट वितरण किया तभी तो कांग्रेस की झोली में पांच सीटें आई है। इस प्रकार के आरोप किरण चौधरी की अपनी सोच है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इंडी गठबंधन का वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है लेकिन हरियाणा के अंदर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के वोट प्रतिशत में काफी अधिक वृद्धि हुई है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रणनीति का खुलासा करते हुए यह भी कहा कि निश्चित रूप से हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी और लोकसभा चुनाव में हरियाणा के अंदर भाजपा जहां हाफ रह गई है वहीं विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से साफ हो जाएगी। हरियाणा में भाजपा सरकार के अल्पमत में आने के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 20 जून को कांग्रेस का इस मामले में महामहिम राज्यपाल से मिलने का फैसला है। सरकार के खिलाफ राज्यपाल से मिलकर ही कांग्रेस कार्रवाई की मांग करेगी। इस दौरान बेरी से विधायक डॉक्टर रघुबीर सिंह आदि मौजूद रहे।



बेरी। पूर्व जनरल दलबीर सुहाग के पिता के निधन पर शोक प्रकट करते हुए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। निलोठी गांव में भाजपा में शामिल हुए ग्रामीणों के साथ नवीन बंटी।

### भाजपा में शामिल हुए निलोठी के ग्रामीण

**बहादुरगढ़**। गांव निलोठी में अनेक ग्रामवासी भाजपा में शामिल हुए। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने पार्टी का पटका पहनाकर उन्हें भाजपा परिवार में विधिवत रूप से शामिल किया। उनके अनुसार भाजपा राष्ट्र हित की विचारधारा पर आगे बढ़ते हुए आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा की विचारधारा तथा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया। साथ ही समाज की अंतिम पंक्ति तक पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए कहा। बंटी ने हरियाणा सहित देश की जनता का एनडीए को तीसरी बार बहुमत देने पर आभार जताते हुए कहा कि मोदी तीसरे कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य करेंगे।